तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 2 जुलाई 2026

12 निःशक्तजनों को मिले सहायक उपकरण...


12 दुर्घटना रोकने अग्निशमन विभाग ने चलाया ...




CAN'T HIDE THAT'S PRIDE
शाश्वत उ.मा.वि.बलौदाबाजार
के.जी. 1 से 12 वीं (साईन्स,आर्ट्स,कामर्स,कृषि विज्ञान) अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
प्रवेश प्रारम्भ
निःशुल्क वाहन सुविधा-लोकल बलौदाबाजार,लटुवा,रिसदा,कुकुर्दी ,बम्हनमुड़ी
प्रवेश हेतु संपर्क करें- 9111002360,9111002362,6268089459
लुभी साहू कक्षा12 वीं 97% छ.ग.टॉप टेन में चौथा स्थान
चंचल 94% अनुष्का 93.4% अमिता 93.3% माधुरी 93% श्वेता 92.1% पूजा 91% मुस्कान 88.6% रीति 87.8% मंजीत 87.6% जागृति 87%
ओजस्वी 97.1% कामना 96.2% किरण 96.2% कुशाग्र 96.1% इंदु 94.9% डिंपल 94.7% निशा 88.6% आर्यन 93.7% श्रेयांश 93.6% डिगेश्वरी 93.6%

## खबर संक्षेप

### नियमितीकरण के लिए मनरेगा कर्मी आज से हड़ताल पर

**सिमगा।** छत्तीसगढ़ में 2 जुलाई से वीबीजी रामजी योजना का सरकार शुभारम्भ करने जा रही है, लेकिन मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा कर दी है। जनपद पंचायत सिमगा के मनरेगा अधिकारी अमित वैद्य ने बताया कि महासंघ द्वारा जारी पत्र के अनुसार वर्षों से लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा संबंधित अधिकारियों को कई बार ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी व्याप्त है। कर्मचारी संघ की प्रमुख मांगों में समस्त मनरेगा एवं वीबीजी रामजी कर्मचारियों का नियमितीकरण, मानव संसाधन नीति के माध्यम से सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना तथा ग्राम रोजगार सहायकों को पूर्व की भांति मानदेय के स्थान पर संविदा कर्मी घोषित करते हुए ग्रेड पे निर्धारण करना शामिल है। महासंघ ने चेतावनी दी है कि 1 जुलाई तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिए जाने के कारण 2 जुलाई को जनपद स्तर पर धरना रैली व ज्ञापन दिया जाएगा एवं 3 जुलाई को प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तर पर सांकेतिक हड़ताल की जाएगी तथा 4 जुलाई को राजधानी रायपुर में प्रदेशव्यापी आंदोलन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### मां और भाई के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम कोलिहादेवरी में मां और भाई के साथ मारपीट करने के मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध बसना थाना में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को राजेश नाग ने बताया कि 30 जून को लगभग 7.30 बजे उसकी माता शिववती नाग ने मुझे और मेरे भाई विनोद नाग को उसके घर के ऊपर सीट लगाने के लिए कहा, जिस पर उसका भाई विनोद नाग मां के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगा। जब मैं बीच बचाव करने आया तो मेरे साथ भी मारपीट किया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296,115 (2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### साढ़े चार करोड़ के गांजा जब्ती मामले का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिले के पुलिस ने 4.5 करोड़ के गांजा तस्करी सिंडिकेट पर कार्रवाई करते हुए मास्टरमाइंड के बाद अब ओडिशा से मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। बता दें कि कच्चे केले की आड़ में आयशर ट्रक में फर्जी नंबर लगाकर गांजा जब्त किया गया था। पुलिस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के व्यापार को जड़ से खत्म करने के लिए जिला पुलिस द्वारा 'सोर्स से लेकर डेस्टिनेशन तक' (तस्कर से लेकर मुख्य खरीदार तक) यानी 'एंड-टू-एंड' कार्रवाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अब इस नेटवर्क को ओडिशा से माल सप्लाई करने वाले मुख्य सप्लायर को भी पकड़ लिया है। 17 अप्रैल को थाना बसना पुलिस द्वारा पलसापाली बैरियर पर नाकाबंदी कर एक आयशर मालवाहक वाहन (एपी 39 टीटी 4556) को पकड़ा गया था।

### मानसून की सक्रियता के बाद खेतों में बढ़ गई हलचल

# झमाझम बारिश से किसानों को मिली राहत और धान बोआई का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा।

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार सुबह हुई झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी और उमस से बड़ी राहत दिलायी है। पिछले कई दिनों से तप रही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित था, लेकिन इस बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया है।

इस पहली जोरदार बारिश से अंचल के किसानों के चेहरे खिल उठे हैं और वे खेती-किसानी के कामों में जुट गए हैं। बारिश के बाद क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में धान बुवाई का कार्य शुरू हो गया है। बरसात का मौसम शुरू होने के बाद भी अब तक सीजन की कोई बड़ी बारिश नहीं हुई थी। इसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों के किसान खरीफ फसलों की बोआई को लेकर चिंतित थे और पर्याप्त पानी न होने के कारण रोपनी रुकी हुई थी। मंगलवार को हुई बारिश से खेतों में पानी जमा होने लगा है, जिससे किसानों को काम शुरू करने में सहूलियत मिल रही है। मानसून की इस सक्रियता के बाद नगर समेत आसपास के गांवों के खेतों में हलचल बढ़ गई है।



#### खाद-बीज की कीमतों ने बढ़ाई चिंता

तुलसी के किसान मिथलेश वर्मा और प्रदीप वर्मा ने बताया कि पिछले दो दिनों से केवल खंड वर्षा हो रही थी। मंगलवार सुबह से मौसम में आए बदलाव और लगातार गिरी फुहारों ने खेती के लिए अनुकूल माहौल बना दिया है। इससे खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है। हालांकि, किसानों ने यह भी चिंता जताई कि एक तरफ जहां प्रकृति का साथ मिला है। वहीं दूसरी तरफ बीजों की बढ़ी हुई कीमतें व समितियों में खाद की सीमित उपलब्धता अब भी परेशानी का सबब बनी हुई है।



#### झमाझम बारिश होते ही खेतों में पहुंचे किसान

गोपालपुर। गांव एवं अंचल में एक जुलाई को झमाझम बारिश हुई। बारिश होने के साथ ही किसानों ने खेती का काम शुरू कर दिया है। बारिश नहीं होने से अंचल के किसान चिंतित थे। ज्ञात हो कि दिन के बारह से एक बजे तक हुई झमाझम बारिश से खेतों में पानी भर गया था, हालांकि कुछ समय बाद सुख गया। बारिश होने से सड़क सुन सान हो गई थी। लोगों का आवागमन थम गया था। सभी जगह के गड्ढे में लबालब पानी भर गया था। कुछ जगह तो पानी निकासी के नाली जाम हो गया था। उसी समय नाली सफाई करने में मजबूर हुए। समाचार लिखे जाने तक बारिश होने कि मौसम बना हुआ था।

# डीएपी के नाम पर किसानों से ठगी पकड़ा गया गिरोह, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

- किसानों से अधिकृत विक्रेताओं से ही खाद खरीदने की अपील

जिले में किसानों को डीएपी खाद के नाम पर कथित रूप से ठगने वाले गिरोह का कृषि विभाग एवं तहसील प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए भंडाफोड़ किया है। सरसीवां से लगे ग्राम गाड़ापाली में घेराबंदी कर पुलकित बायोफर्टीलाइजर प्रा. लि. से जुड़े 4 अधिकृत व्यक्तियों को पकड़ा, जिनके विरुद्ध सरसीवां थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी पिछले दो-तीन वर्षों से सरसीवां क्षेत्र में रहकर सारंगढ़-बिलाईगढ़, जांजगीर-चांपा तथा सक्ती जिले के ग्रामीण इलाकों में सक्रिय थे। आरोप है कि वे गांव-गांव जाकर अपने उत्पाद को डीएपी खाद बताकर किसानों को बेचते थे। किसानों को बिल भी दिया जाता था, जबकि बेचा जा रहा उत्पाद डीएपी नहीं था। जांच में यह भी पता चला कि आरोपी सुनसान स्थानों पर किराये के कमरों में ठिकाना बनाकर लगातार स्थान बदलते रहते थे, ताकि उन पर संदेह न हो। जिले में उर्वरक का विक्रय केवल वैध अनुज्ञप्ति एवं अधिकृत विक्रय केंद्र से ही किया जा सकता है। गत वर्ष भी सरसीवां तहसील के ग्राम भिनोदा में इसी कंपनी का खाद मिला था, लेकिन उस समय विक्रेताओं तक कार्रवाई नहीं पहुंच सकी थी। इस बार कृषि विभाग और तहसील प्रशासन की सतर्कता से आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ने में सफलता मिली।



#### अधिकारियों की टीम ने दिया कार्रवाई को अंजाम

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के निर्देश पर उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कृष्ण कुमार साहू, उर्वरक निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, तहसीलदार मोहन साहू, कुलदीप नायक तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की संयुक्त टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। कृषि विभाग ने किसानों से अपील किया है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही उर्वरक खरीदें, खरीद का पक्का बिल अवश्य लें तथा यदि कोई व्यक्ति गांव या शहर में डीएपी के नाम पर संदिग्ध खाद बेचते हुए मिले तो इसकी सूचना तत्काल कृषि विभाग को दें, ताकि ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# जनभागीदारी से सजा हरियाली का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

पर्यावरण संरक्षण और हरित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने की दिशा में ग्राम तुलसी नेवरा में वृहद पौधारोपण अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा के मुख्य आतिथ्य तथा जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस अभियान में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर लगभग एक हजार विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का अभिन्न आधार हैं। जन्म से लेकर जीवन के अंतिम पड़ाव तक वृक्ष किसी न किसी रूप में मानव के साथी बने रहते हैं। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल शुद्ध ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि पर्यावरण को संतुलित रखने, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने तथा प्राकृतिक हरियाली को संरक्षित रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाकर उनके संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट के बीच अधिक से अधिक वृक्षारोपण और उनका संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसलिए हर व्यक्ति को पौधारोपण को जनआंदोलन बनाना चाहिए।



मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि औद्योगिकीकरण और बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण पर्यावरण गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में वृक्षारोपण ही प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि पेड़ केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि जल संरक्षण, भू-जल स्तर को बनाए रखने, वर्षा चक्र को संतुलित करने तथा जैव विविधता के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल करने का भी संकल्प लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति स्वाति वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, जनपद पंचायत तिल्दा के अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद, नर्सिंग वर्मा, अनिल अग्रवाल, दीपक शर्मा, सरपंच गुलाब आड़ील सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमुदाय ने एक पेड़–मां के नाम एवं हरित छत्तीसगढ़ के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए अधिकाधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।

#### शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति में आ रही समस्याओं पर की विस्तृत चर्चा

# छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष रखी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने प्रांतीय संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर के नेतृत्व में नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर जीएम सतीश कुमार का स्वागत करते हुए सौजन्य वार्ता की।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभागीय सचिव ओंकार प्रसाद वर्मा ने बताया शासन के वर्तमान आदेशानुसार विद्या समीक्षा एप वी एस के माध्यम से शिक्षकों की ली जा रही आनलाइन उपस्थिति में शिक्षकों को आ रही विभिन्न समस्या सर्वर डाउन, नेटवर्क का अभाव जिससे उनकी उपस्थिति दिखाता नहीं, या विद्यालय से दूरी बताता है। इस प्रकार अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए संघ ने कहा कि जब तक उपस्थित एप सुचारू रूप से संचालित ना हो पूर्णतः अपडेट न हो जाए तब तक किसी भी शिक्षकों का वेतन रोकने अथवा अन्य किसी प्रकार की कार्यवाही न की जाएं। साथ ही संकुल समन्वयक एवं फ़ील्ड में कार्यरत कर्मचारियों के लिए अलग से उपस्थिति एप जारी की जाए। कार्यालय द्वारा शिक्षकों का अब तक वरिष्ठता सूची जारी नहीं की गई है, जबकि विभाग में योग्यताधारी स्नातकोत्तर एवं बी.एड. प्रशिक्षित शिक्षक लंबे समय से एक ही पद पर कार्यरत हैं।



उनकी वरिष्ठता सूची शीघ्र जारी करते हुए पदोन्नति आदेश जारी किया जाए। शिक्षक संवर्ग का प्रतिवर्ष के वरिष्ठता सूची के आधार पर डीपीसी करते हुए पदोन्नत आदेश जारी करने की भी मांग की, इसके अभाव में शिक्षक पदोन्नत बिना सेवानिवृत हो रहे हैं। चर्चा के दौरान संगठन ने अपना सुझाव रखते हुए कहा कि प्रतिवर्ष शिक्षकों द्वारा अपनी शैक्षिक योग्यता बढ़ाने महाविद्यालयों की परीक्षा अनुमति आवेदन प्रस्तुत की जाती है, जिस पर एकल आदेश जारी करने के बजाय सामूहिक अनुमति आदेश किए जाने सहित अन्य बिंदु पर चर्चा की गई। उक्त भेंट वार्ता में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर, संभागीय सचिव ओंकार प्रसाद वर्मा, संभागीय कोषाध्यक्ष गोविंद सोनी, जिलाध्यक्ष मनीष देवांगन, जिला संगठन मंत्री सुनील नायक, जिला कोषाध्यक्ष मोहित वर्मा, विकास खंड संगठन मंत्री अवध वर्मा, कार्यकारणी सदस्य सुजीत शर्मा, नीरज गुप्ता, अनुराग शर्मा, दिलीप साहू आदि उपस्थित थे।

#### निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ सेवा करने का संकल्प लिया

# डॉक्टर्स डे पर कलेक्टर ने उत्कृष्ट चिकित्सकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

जिला चिकित्सालय सारंगढ़ के सभा कक्ष में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर जिले में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाले चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर कलेक्टर ने सम्मानित किया।

अतिथि पद्मिनी भोई साहू ने चिकित्सकों के समर्पण, सेवा भावना एवं आमजन के स्वास्थ्य संरक्षण में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए सभी डॉक्टरों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित चिकित्सकों एवं अधिकारियों ने केक काटकर राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे मनाया तथा जनसेवा के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए चिकित्सकों के योगदान का बखान किया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।




# शिविर में 31 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

- जय श्री श्याम बाबा सेवा समिति ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

जय श्याम बाबा सेवा समिति के तत्वावधान में देवांगन धर्म शाला के सामने राज मिस्त्री संघ भवन कटगी में बुधवार को विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि चन्द्र मौली शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। समिति के अध्यक्ष कमल नरायण ने बताया कि /"रक्तदान महादान है। आपके द्वारा दिया गया एक यूनिट रक्त 3 से 4 लोगों का जीवन बचा सकता है। शिविर में संकट मोचन ब्लड बैक शिवरीनरायण की चिकित्सा टीम के द्वारा रक्त संग्रहण किया गया।

शिविर में कुल 31 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र डडसेना ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है समिति आगे भी ऐसे जनसेवा के कार्य करती रहेगी। रक्तदान कर सभी रक्तवीरों ने समाज को नई दिशा दी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में हरि देवांगन, योगेश देवांगन, दुर्गा शंकर, गीता राम कश्यप, राम कुमार पैकरा, भाव सिंह पैकरा, पवन देवांगन, जलेश्वर देवांगन, अरुण कश्यप, शैलेन्द्र देवांगन, विवेक देवांगन, ललित देवांगन, गोलू एंव समिति के सभी सेवादारों का विशेष योगदान रहा। अंत में समिति के सचिव धनेंद्र देवांगन ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय भवन में मेजर जनरल सुधीर को मिला अति विशिष्ट सेवा मेडल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के लिए गौरव और सम्मान का क्षण तब आया, जब प्रदेश के पाटन से जुड़े मेजर जनरल सुधीर कुमार शर्मा को सोमवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया। यह सम्मान भारतीय सेना में उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, विशिष्ट सेवाओं और राष्ट्र के प्रति असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरा छत्तीसगढ़ गौरवान्वित है। मेजर जनरल श्री शर्मा ने लगभग चार दशकों तक देश की सेवा करते हुए अनेक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। वर्तमान में मेजर जनरल सुधीर कुमार शर्मा इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक हैं। अति विशिष्ट सेवा मेडल उनके सैन्य जीवन का चौथा प्रमुख राष्ट्रीय सैन्य सम्मान है। इस उपलब्धि पर उन्हें छत्तीसगढ़ के विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संगठनों ने बधाई दी है।

### निर्धन सहायता कोष की आवश्यकता पर दिया बल



**रायपुर।** भगवान परशुराम चौक विश्रामगृह स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में मंगलवार को बेमेतरा राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज की प्रबंधकारिणी एवं कार्यकारिणी की जिला स्तरीय बैठक हुई। प्रदेश सचिव विकासधर दीवान ने 90 विधानसभा में समाज का सशक्त सामाजिक संगठन तथा प्रांतव्यापी सामाजिक जनगणना तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को आर्थिक सहयोग के लिए निर्धन सहायता कोष की आवश्यकता पर बल दिया। बेमेतरा ब्लॉक अध्यक्ष भावेश शर्मा तथा प्रदीप दुबे ने समाज में अंतरजातीय विवाह पर रोक लगाने का सामाजिक नियम बनाने तथा पारिवारिक सम्मेलन आयोजित कर नई पीढ़ी को अधिक से अधिक शामिल करने की पहल करने की अपील की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की अध्यक्षता एवं आचार्य बलदेव शास्त्री प्रदेश सचिव विकासधर दीवान, राजेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष डॉ. शिरीष शर्मा, संभागीय महासचिव चंद्रिका प्रसाद शर्मा, शेषनारायण तिवारी की उपस्थिति में हुई बैठक में आठ महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में डा. शिरीष शर्मा, राजेश दुबे, डॉ. शिवेंद्र त्रिपाठी, कृपाशंकर त्रिपाठी, चंद्रिका प्रसाद शर्मा, शेषनारायण तिवारी, मनोज मिश्रा, विवेकधर दीवान, रीता पांडे, उमा तिवारी, ने अपने विचार व्यक्त किए।

### विस्थापन के बिना बेदखली गरीब-ग्रामीणों के मौलिक अधिकारों का हननः नायक

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के मुख्य प्रवक्ता एवं अधिवक्ता भगवानू नायक ने ग्राम नकटी, जिला रायपुर में वर्षों से निवासरत गरीब ग्रामीणों के मकानों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें बेदखल किए जाने की घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, किसी भी लोकतांत्रिक सरकार का पहला और अंतिम उद्देश्य गरीब, वंचित और कमजोर वर्ग के लोगों का विकास एवं कल्याण होना चाहिए, न कि उनके सिर से छत छीनकर उन्हें खुले आसमान के नीचे रहने के लिए मजबूर करना। उन्होंने कहा, नकटी में लगभग 80 परिवारों के आशियाने उजाड़ दिए गए। यह घटना न केवल प्रशासनिक असंवेदनशीलता का उदाहरण है, बल्कि गरीबों के संवैधानिक एवं मौलिक अधिकारों पर सीधा आघात भी है। ऐसे में गरीबों को बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए उनके निवास स्थान से हटाना उनके जीवन, आवास और सम्मान के अधिकार का उल्लंघन है। साथ ही इस पूरी कार्रवाई की न्यायिक या उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और यदि प्रशासनिक स्तर पर कोई लापरवाही या अमानवीयता हुई है।

# 156 उत्कृष्ट खिलाड़ी पात्र, अधिसूचना के लिए जीएडी को भेजी जाएगी सूची

## उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शासकीय सेवा में नियुक्त करने की होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में उनके निवास कार्यालय में उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित करने के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। उपमुख्यमंत्री अरुण साव सहित समिति के सदस्यों ने वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 के लिए प्राप्त आवेदनों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया तथा सभी पहलुओं की समीक्षा के बाद 156 उत्कृष्ट खिलाड़ियों के चयन को अंतिम स्वरूप प्रदान किया। इनमें 20 अलग-अलग खेलों के खिलाड़ी शामिल हैं।

बैठक में अनुमोदित 156 खिलाड़ियों की सूची को सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा जाएगा। अधिसूचित करने के बाद खिलाड़ियों को शासकीय सेवा में लेने के लिए आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ होगी।

राज्य के खिलाड़ी लंबे समय से इस सूची की प्रतीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद खिलाड़ियों का यह इंतजार जल्द समाप्त हो जाएगा। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा, प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए पारदर्शी, समयबद्ध और प्रोत्साहन आधारित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा, चयनित उत्कृष्ट खिलाड़ियों को पात्रता के अनुरूप उन्हें शासकीय सेवा में नियुक्ति दिलाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया और व्यवस्था की जाएगी।



### 156 खिलाड़ियों को पाया गया पात्र

बैठक में बताया गया कि राज्य में अब तक 182 उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किए जा चुके हैं। इसी क्रम में वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 के लिए पूर्व में विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण और निर्धारित मानकों के आधार पर 156 खिलाड़ियों को पात्र पाया गया। बैठक में वन मंत्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव विकास शील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव यशवंत कुमार तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक तनुजा सलाम उपस्थित थीं।

## 6 महीने में महिला कोच से 400 पुरुष पकड़े गए, मंडल में सालभर में 2000 वेंडरों से वसूला लाखों का जुर्माना

# रेलवे नियमों का उल्लंघन पड़ रहा भारी, जुर्माना राशि बढ़ने के बाद 798 यात्रियों से वसूले 6.82 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल और मंडल रेलवे प्रशासन ने तेज की कार्रवाई

भारतीय रेलवे ने नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन में अब नियमों की अनदेखी करने वाले यात्रियों से पहले की तुलना में दोगुना जुर्माना राशि वसूली जा रही है। जुर्माना बढ़ाने के साथ ही पूरे जोन में रेलवे ने जांच और कार्रवाई का अभियान भी काफी तेज कर दिया है। इसका सीधा असर नियम तोड़ने वाले यात्रियों पर पड़ रहा है। सख्त कार्रवाई के साथ रेलवे द्वारा अपने तीनों मंडलों में नए दंड प्रावधानों के प्रति व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान भी चलाया जा रहा है। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, इतवारी, चांपा, रायगढ़, अनूपपुर और कोरबा सहित सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सुरक्षा बल द्वारा अब तक विभिन्न मामलों में नियम तोड़ने वाले 798 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इन यात्रियों से जुर्माने के तौर पर 6.82 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि वसूल की गई है। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए यह सघन जांच और जागरूकता अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



### महिला कोच की सुरक्षा के लिए विशेष तैनाती

महिलाओं और दिव्यांग यात्रियों की सुरक्षित यात्रा के लिए रेलवे ने ट्रेनों में अलग से आरक्षित कोच निर्धारित किए हैं, लेकिन अक्सर पुरुष यात्री भीड़ का फायदा उठाकर इन कोच में घुस जाते हैं। अब ऐसे पुरुष यात्रियों को कोच से बाहर निकालने और उन पर दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए प्लेटफार्म पर चार महिला पुलिसकर्मियों की विशेष तैनाती की गई है। मंडल और जोन से गुजरने वाली ट्रेनों के महिला कोच की सघन चेकिंग की जा रही है। रेलवे के आंकड़ों के अनुसार, पिछले महज छह महीने के भीतर ही महिला कोच में सफर करने वाले 400से अधिक पुरुषों पर कार्रवाई की जा चुकी है। इसके अलावा मंडल के छोटे स्टेशनों पर भी लगातार जांच सुनिश्चित की जा रही है, ताकि बीच रास्ते से कोई अनधिकृत व्यक्ति इन आरक्षित डिब्बों में प्रवेश न कर सके।

### अवैध वेंडरों पर आरपीएफ की पैनी नजर

ट्रेनों और स्टेशन परिसर में गंदगी का मुख्य कारण बनने वाले अवैध वेंडरों के खिलाफ आरपीएफ व रेलवे प्रशासन की संयुक्त टीम बनाकर सीधी कार्रवाई कर रही है। पिछले एक साल के भीतर ही पूरे रेल मंडल में ऐसे 2000 से अधिक मामले सामने आए हैं, जिनमें कार्रवाई की गई है। इस दौरान अवैध वेंडरों से लाखों रुपये से अधिक का जुर्माना भी वसूला जा चुका है। अधिकारी बताते हैं कि आमतौर पर ये अवैध वेंडर मुख्य स्टेशनों पर सख्ती देखकर छोटे स्टेशनों से ट्रेनों में चढ़ते हैं। इस चालाकी से निपटने के लिए अब आरपीएफ के जवान सीधे एक्सप्रेस ट्रेनों के जनरल और अन्य कोच में सफर कर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। सिर्फ रायपुर रेलवे स्टेशन की ही बात करें तो यहां लगातार अवैध वेंडरों को पकड़कर उन पर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही साल भर चले अभियान के दौरान लगातार अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले कई वेंडरों के लाइसेंस भी स्थायी रूप से रद्द कर दिए गए हैं।

# मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान और स्कूलों को मिली विकास की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रायपुर पश्चिम में शिक्षा को नई दिशा देने का संकल्प लगातार साकार हो रहा है : मूणत

रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर हो रहे विकास कार्यों और मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की पहल के अंतर्गत पं. रामदयाल तिवारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 10वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 29 मेधावी विद्यार्थियों को 5-5 हजार प्रोत्साहन राशि के चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधाओं को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 1.50 करोड़ की लागत से बनने वाले अतिरिक्त कक्ष निर्माण तथा खेल मैदान के विकास के लिए 19 लाख की स्वीकृति की जानकारी भी दी गई। इन कार्यों से विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, सुविधाजनक कक्ष और खेल गतिविधियों के लिए उपयुक्त मैदान उपलब्ध होगा।

इससे पूर्व रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय महोबा बाजार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 22 विद्यार्थियों तथा मायाराम सुरजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 35 विद्यार्थियों को भी 5-5 हजार के प्रोत्साहन चेक वितरित किए जा चुके हैं। साथ ही माध्यमिक शिक्षा मंडल की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली युक्ता मुखी साहू को स्कूटी प्रदान कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान किया गया है। अब शेष 7 शालाओं के 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहन चेक प्रदान किए जाएंगे। इसी क्रम में आगामी 3 जुलाई को पं. गिरजाशंकर विद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों को चेक वितरित किए जाएंगे।

# सतगुरु कबीर के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




सतगुरु कबीर धर्मदास वंशावली सेवा समिति रायपुर का दो दिवसीय आयोजित सतगुरु कबीर प्राकट्य उत्सव का समापन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में सद्गुरु कबीरधाम अम्लेश्वर में सद्गुरु कबीर साहेब का 628वां प्रकटोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर कबीरपंथ के 16वें वंशाचार्य हुजूर उदितमुनि नाम साहेब कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा का आगमन हुआ।

इस अवसर वंशाचार्य द्वारा पहली बार कबीरधाम अम्लेश्वर में सात्विक यज्ञ, चौका एवं आरती कराई गई। इस दिव्य आयोजन में श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा के साथ सहभागिता कर सद्गुरु कबीर साहेब के सत्य, समता, मानवता एवं सदाचार के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस सद्गुरु कबीर धर्मदास वंशावली सेवा समिति, एसकेडीवी मिशन नवयुवक मंडल एवं आमीन माता महिला मंडल की ओर से राजधानी रायपुर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कबीर चौक रामनगर से प्रारंभ होकर तेलघानी नाका होते हुए राजधानी रायपुर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मेकाहारा ऑडिटोरियम के लिए प्रस्थान किया। उक्त शोभायात्रा में बस्तरिया नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उत्सव में रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बलौदाबाजार, महासमुंद, धमतरी एवं आसपास के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में कबीरपंथी श्रद्धालु उपस्थित हुए। पूरे परिसर में भजन-कीर्तन, सत्संग एवं गुरु वंदना से भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में अतिथि रंजना शर्मा, बाबूभाई पटेल, गोपाल भाई पटेल, आशीष वालेचा, भागवत कबीरपंथी, देवेंद्र कुमार साहू उपस्थित रहे। समस्त अतिथियों द्वारा संत कबीर की विचारधारा पर सभा को संबोधित किया गया। इसके बाद अतिथियों द्वारा सद्गुरु कबीरदास जी के सिद्धांत को आगे बढ़ाने एवं सेवाकार्य के लिए रायपुर-दुर्ग से आईं 17 समितियों का सम्मान किया गया। यह आयोजन सद्गुरु कबीर धर्मदास वंशावली सेवा समिति, एसकेडी मिशन, आमीन माता महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल रायपुर-दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सचिव छोटूराम साहू एवं माखनलाल साहू ने किया। इस अवसर पर सद्गुरु कबीर धर्मदास वंशावली सेवा समिति के अध्यक्ष मनोहर साहू, संतोष वर्मा, प्रीतम मानिकपुरी, हीरा साहू, राजकुमार मोंगरे, संतोष साहू, मनोज साहू, नवयुवक मंडल एवं अमीन माता महिला मंडल के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## बिजली बेचने के दाम बढ़े, पर खरीदने के हो गए कम

# सोलर की बिजली अब 2.50 रुपए में नहीं, 1.92 रुपए में खरीदेगी पॉवर कंपनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में सोलर पैनल लगाने वालों का बिजली उत्पादन अगर ज्यादा होता है, तो उनकी बिजली छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी नए सत्र में 2.50 रुपए के स्थान पर 1.92 रुपए में खरीदेगी। यही कीमत सोलर एनर्जी कार्पोरेशन ऑफ इंडिया ने तय की है। इसी कीमत को छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी ने बिजली नियामक आयोग के पास मंजूरी के लिए भेजा था। इसको आयोग ने मंजूरी दे दी है। एक तरफ जहां सोलर से बिजली खरीदी की कीमत कम हो गई है, वहीं पॉवर कंपनी ने नए सत्र के लिए बिजली बेचने के दाम 50 पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ा दिए हैं।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बिजली के उपभोक्ता सोलर पैनल लगातार अपने घरों की छत पर बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार से सब्सिडी भी दी जा रही है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि एक किलो वाट के सोलर पैनल में रोज करीब चार यूनिट बिजली बनती है। ऐसे में एक किलोवाट में 120 यूनिट बिजली मिल जाती है। ऐसे में तीन किलोवाट का सोलर पैनल लगाने पर 360 यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। आमतौर पर जिनकी जितनी खपत है उसके हिसाब से ही उपभोक्ता सोलर पैनल का चयन करते हैं। लेकिन पॉवर कंपनी ज्यादा बिजली को खरीद भी रही है तो ऐसे में उपभोक्ता खपत से ज्यादा बिजली की उत्पादन करने के लिए भी सोलर लगा रहे हैं।

### ज्यादा बिजली लेगी पॉवर कंपनी

*अगर किसी उपभोक्ता की बिजली की खपत हर माह दो सौ यूनिट ही है और उसने तीन किलो वाट का सोलर पैनल लगाया है तो इसकी 12 से 15 सौ यूनिट की बिजली अगर साल भर में बचती है तो इसके पैसे पॉवर कंपनी देगी। लेकिन इसकी कीमत उपभोक्ता को महज अब 1.92 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से मिलेगी।*

### पॉवर कंपनी की बिजली महंगी

*पॉवर कंपनी जो बिजली उपभोक्ताओं को देती है। वह पांच रुपए यूनिट से कम नहीं पड़ती है। पहले सौ यूनिट का टैरिफ जुलाई से 4.40 रुपए हो जाएगा। इसमें जहां दस पैसे प्रति यूनिट सेस के लगते हैं। वहीं इसी के साथ इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी 11 फीसदी है। ऐसे में 4.40 रुपए पर 48 पैसे इसके लग जाते हैं। इसके अलावा प्रति किलो वाट पर 20 रुपए शुल्क है। ये सब मिलाकर बिजली की कीमत करीब पांच रुपए यूनिट से ज्यादा हो जाती है, क्योंकि एफपीपीएएस शुल्क अलग से लगता है। यह कभी पांच फीसदी तो कभी दस फीसदी से ज्यादा हो जाता है। अब यह बात अलग है कि बिजली बिल हॉफ योजना में चार सौ यूनिट तक खपत पर दो सौ यूनिट की खपत का बिल आधा हो जाता है। इसके बाद भी औसत कीमत चार सौ यूनिट की खपत पर करीब पांच रुपए यूनिट हो जाती है। सौ और दो यूनिट की खपत वालों को जरूर कम कीमत लगती है। लेकिन यह कीमत भी सोलर से खरीदी जाने वाली बिजली की कीमत से ज्यादा रहती है।*

## एप्पल का तीन लाख वाला लैपटॉप चार लाख के पार, आईपैड के दाम भी एक लाख तक बढ़े

# लैपटॉप के दाम एक लाख तक बढ़े, पार्ट्स की कीमत में छह गुना तक इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कंप्यूटर में लगने वाले पार्ट्स रैम, हार्ड डिस्क के साथ एसएसडी के दाम दो से छह गुना तक बढ़ गए हैं। ऐसा होने के कारण कंप्यूटर और लैपटॉप के दाम बहुत ज्यादा बढ़ गए हैं। एप्पल के लैपटॉप के दाम तो एक लाख तक बढ़ गए हैं। तीन लाख वाला लैपटॉप चार लाख का हो गया है। आईपैड के दाम भी दस हजार से एक लाख तक बढ़े हैं। अन्य कंपनियों के लैपटॉप और डेस्कटॉप के दाम भी 20 से 50 फीसदी तक बढ़ गए हैं। कंप्यूटरों को असेम्बल करके बेचने वाले कारोबारियों का कारोबार एक तरह से चौपट ही हो गया है, क्योंकि इसके दाम भी बहुत बढ़ गए हैं। इसी के साथ रिपेयरिंग का काम भी बहुत ज्यादा प्रभावित हो गया है। कंप्यूटर पार्ट्स बनाने वाली कंपनियां अब ज्यादा ध्यान एआई के डाटा सेंटरों के लिए हाई बैडविड्थ मेमोरी (एचबीएम) और सर्व ग्रेड चिप्स पर दे रही हैं। इसके कारण कंप्यूटर के आम चलन वाले पार्ट्स की कमी हो गई है। मेमोरी चिप के दाम भी डबल हो गए हैं।

राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश भर में लैपटॉप और कंप्यूटर बेचने और बनाने का कारोबार करने वाले बड़ी संख्या में हैं। आमतौर पर कई कंपनियों में ब्रांडेड से ज्यादा असेम्बल कंप्यूटर की डिमांड रहती है।

### पार्ट्स के दाम आसमान पर

कंप्यूटर में लगने वाली 8 जीबी की रैम के दाम पहले हजार से 12 सौ रुपए थे, इसके दाम अब 55 सौ रुपए हो गए हैं। यानी दाम चार गुना से भी ज्यादा बढ़ गए हैं। जिस चार जीबी रैम की ज्यादा मांग नहीं रहती थी और इसके दाम महज तीन सौ रहते थे, इसके दाम छह गुना तक बढ़कर आज 18 सौ रुपए हो गए हैं। हाई डिस्क की बात करें तो 500 जीबी की जो हार्ड डिस्क पहले 11 सौ रुपए की आती थी उसके दाम 25 सौ रुपए हो गए हैं। हजार जीबी की हार्ड डिस्क के दाम तीन हजार से साढ़े छह हजार हो गए हैं। 128 जीबी एसएसडी पहले 800 रुपए में मिलती थी इसके दाम दो हजार, 256 जीबी के दाम 12 सौ से बढ़कर 35 सौ और हजार जीबी के दाम 35 सौ से बढ़कर दस हजार हो गए हैं। मेमोरी चिप की बात करें तो 64 जीपी की मेमोरी चिप के दाम 400 से बढ़कर 900 हो गए हैं।128 जीबी की चिप के दाम 700 से 15 सौ हो गए हैं।

### एप्पल के लैपटॉप और आईपैड के दाम एक लाख तक बढ़े

राजधानी के कारोबारी राजेश वासवानी के मुताबिक एप्पल के लैपटॉप के दाम एक लाख तक बढ़े हैं। मैक बुक प्रो जो पहले 2.99 लाख का था उसके दाम 3.99.900 रुपए हो गए। आई पैड के दाम दस हजार से एक लाख तक बढ़े हैं। इसी तरह से एचपी का जो लैपटॉप पहले 31 हजार का था, उसके दाम 47 हजार और 42 हजार वाले के 57 हजार हो गए हैं। सभी कंपनियों ने अपने लैपटॉप और डेस्कटॉप के दाम 20 से 50 फीसदी तक बढ़ा दए हैं।

# अभियंता संघ ने वरिष्ठ अभियंताओं को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के तीन वरिष्ठ अभियंताओं के सेवानिवृत्त होने पर अभियंता संघ द्वारा आज भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

सेवानिवृत्त होने वाले अभियंता कार्यपालक निदेशक जेएस नेताम, सुरेश कुमार चक्रवर्ती एवं संजय शर्मा, अति. मुख्य अभियंता शामिल है। समारोह में अभियंता संघ के पदाधिकारियों ने तीनों वरिष्ठ अभियंताओं द्वारा कंपनी में किए गए विशिष्ट कार्यों, उनकी कार्यशैली एवं समर्पण भाव को याद किया। संघ द्वारा सभी सेवानिवृत्त अभियंताओं के उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना की गई। इस अवसर पर महासचिव मनोज वर्मा, एम. जामुलकर क्षेत्रीय अध्यक्ष, सुशील यदु, ओमकार चन्द्राकर सहित बड़ी संख्या में कार्यपालन अभियंता एवं सहायक अभियंता साथी।

# अब 43 तरह के कारोबार के लिए निकायों से नहीं लेना होगा ट्रेड लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के व्यापारियों और उद्यमियों को बड़ी प्रशासनिक राहत देते हुए नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत क्षेत्रों में संचालित 43 प्रकार के व्यापार और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए स्थानीय निकायों से ट्रेड लाइसेंस (व्यापार अनुज्ञप्ति) लेने और उसका नवीनीकरण कराने की अनिवार्यता समाप्त कर दी है।

इसके लिए छत्तीसगढ़ नगर पालिका (व्यापार अनुज्ञापन) नियम, 2025 में संशोधन कर नया प्रावधान जोड़ा गया है। हालांकि सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह पूरी तरह लाइसेंस मुक्त व्यवस्था नहीं होगी। संबंधित व्यवसायों को अपने क्षेत्र से जुड़े अन्य कानूनों के तहत आवश्यक लाइसेंस या पंजीयन पहले की तरह अनिवार्य रूप से रखना होगा। साथ ही स्थानीय निकायों को निर्धारित पंजीयन शुल्क भी देना पड़ेगा।

### क्या बदलाव हुआ है

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा किए गए इस संशोधन के अनुसार नियम-17 के बाद नया नियम-18 जोड़ा गया है। इसके तहत नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में सूचीबद्ध व्यवसायों को अब व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त करने या उसका नवीनीकरण कराने की आवश्यकता नहीं होगी।यह संशोधन व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अब व्यापारियों को एक ही काम के लिए नगर निकाय से अलग ट्रेड लाइसेंस लेने की प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा, यदि उनके पास संबंधित नियामक संस्था का वैध लाइसेंस या पंजीयन मौजूद है।

राज्य सरकार ने व्यापार अनुज्ञापन नियमों में किया संशोधन



### किन व्यवसायों को मिलेगा लाभ

नई व्यवस्था का लाभ 43 श्रेणियों के व्यवसायों को मिलेगा। इनमें प्रमुख रूप से—खुदरा एवं थोक दुकानें किराना और राशन दुकानें, फल एवं सब्जी विक्रेता, डेयरी उत्पाद विक्रेता, बेकरी मिठाई दुकानें रेस्टोरेंट एवं भोजनालय कैटरिंग और क्लाउड किचन मांस, मछली और पोल्ट्री व्यवसाय पैकेज्ड फूड एवं पेयजल इकाइयां होटल, लॉज एवं गेस्ट हाउस सिनेमाघर और मल्टीप्लेक्स आईटी एवं सॉफ्टवेयर कंपनियां गोदाम और लॉजिस्टिक्स ई-कॉमर्स, फुलफिलमेंट सेंटर बैंक एवं बीमा कार्यालय कोचिंग संस्थान जिम एवं फिटनेस सेंटर, ब्यूटी पार्लर एवं सैलून, मेडिकल स्टोर,अस्पताल, फैक्ट्री एवं औद्योगिक इकाइयां जैसे प्रतिष्ठान शामिल हैं।

### किन लाइसेंसों की रहेगी अनिवार्यता

ट्रेड लाइसेंस खत्म होने का मतलब यह नहीं है कि व्यवसाय बिना किसी अनुमति के संचालित होंगे। विभाग ने स्पष्ट किया गया है कि संबंधित व्यवसायों को अपने क्षेत्र के अनुसार वैध लाइसेंस या पंजीयन रखना अनिवार्य होगा। उदाहरण के लिए दुकानों के लिए दुकान एवं स्थापना अधिनियम के तहत पंजीयन। खाद्य कारोबार के लिए एफएसएसएआई का लाइसेंस या पंजीयन। मेडिकल स्टोर के लिए औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम के तहत ड्रग लाइसेंस। फैक्ट्रियों के लिए फैक्ट्री अधिनियम अथवा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता के तहत आवश्यक अनुमति।

### पंजीयन शुल्क फिर भी देना होगा

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि ट्रेड लाइसेंस की बाध्यता हटने के बावजूद संबंधित व्यवसायों को नगर निकायों को नियम-5 के अनुसार निर्धारित पंजीयन शुल्क देना होगा। यानी लाइसेंस की प्रक्रिया समाप्त होगी, लेकिन स्थानीय निकायों के राजस्व का स्रोत पूरी तरह खत्म नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### पेखन टोन्डरे बने तहसीलदार संघ प्रदेश अध्यक्ष

**लवन।** जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के तहसील लवन में पदस्थ संवेदनशील तहसीलदार पेखन टोन्डरे निर्विरोध तहसीलदार संघ प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए। गौरतलब हो कि विगत दिनों रायपुर में पूरे छत्तीसगढ़ स्तर पर प्रदेश स्तरीय तहसीलदार संघ का चुनाव का आयोजन हुआ, जहां सर्वसहमति से लवन के वर्तमान तहसीलदार को प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ के अलग-अलग क्षेत्र से लगातार बधाई का संदेश आ रहा है। पुनुराम बंजारे, हरा एंथोनी बार्वे, गोलू कैवर्त, मुरारी साहू, धनकुमार औधेलिया, अश्विनी कठोत्रे, ताराचंद कठोत्रे, प्रकाश बार्वे, जगजीवन नारेंगे, प्रेम रॉव मराठा, सुमेर वर्मा, अभय तिवारी, योगेश सिंघम सहित तमाम लोगों ने बधाई दी हैं।



### 14 पंचायतों में सेवा सेतु केन्द्र संचालक के लिए मंगाए गए आवेदन

**बलौदाबाजार।** जिले के 14 ग्राम पंचायतों में आधार पंजीयन कार्य संचालन हेतु इच्छुक आधार ऑपरेटर, सेवा सेतु केन्द्र संचालक, सीएससी संचालक सहित अन्य इच्छुक व्यक्तियों से 17 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक ऑपरेटर कक्ष क्र. 78, प्रथम तल, ई-गवर्नेस कार्यालय बलौदाबाजार में आवेदन जमा कर सकते हैं। प्राप्त जानकारी के. अनुसार जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसदा, अर्जुनी, रसेड़ा, लाहोद, जनपद पंचायत भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत खोखली, तरेंगा, निपनिया, जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत मटिया, पुटपुरा, चांदन,जनपद पंचायत पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेरा, तेलासी, जनपद पंचायत सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदेरी एवं रानीजरौद में आधार ऑपरेटर की आवश्यकता है। इच्छुक ऑपरेटर का कोई भी पेनाल्टी राशि भुगतान हेतु लंबित ना हो। यदि पेनाल्टी है तो उस राशि का संलग्न बैंक खाता में भुगतान कर रसीद आवेदन के साथ जमा करेंगे। चिप्स कार्यालय के अनुसार 1 लाख 50 हजार रुपये का राशि सुरक्षा जमा के रुप में डिमांड ड्राफ्ट जिला ई-गवर्नेस सोसायटी को चयन होने के 10 दिन बाद अनिवार्य रुप से जमा करना होगा। ऑपरेटर का पुलिस वेरीफिकेशन प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है। ऑपरेटर 18 वर्ष से अधिक होना चाहिए। ऑपरेटर 12 वी उत्तीर्ण या 2 वर्ष आई.टी.आई. या 3 वर्ष डिप्लोमा धारक हो। ऑपरेटर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले का निवासी हो। एक ऑपरेटर एक लोकेशन के लिए ही आवेदन कर सकता है।

**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस**

प्रकरण क्रं. (अ) 475/2025
आदेश दिनांक:– 12.05.2026
आगामी पेशी :– 30.07.2026
प्रोसेस क्र. :– 420/26

श्री चंद्रप्रकाश कोसले उम्र 43 वर्ष पिता श्री लालजी कोसले निवासी कृष्णा नगर देवरीखुर्द बिलासपुर छ.ग. .....आवेदक

**विरुद्ध**

श्रीमती मंजु कोसले (भारद्वाज) उम्र 42 वर्ष पति चंद्रप्रकाश कोसले निवासी द्वारा पिता श्री यादराम (भारद्वाज) रामाभाठा पोस्ट सेदूराम तह. बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ छ.ग. .....अनावेदिका

प्रति,
चंद्रप्रकाश कोशले पिता श्री लालजी कोशले निवासी कृष्णा नगर देवरीखुर्द तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)।

इस न्यायालय में आवेदक श्री चंद्रप्रकाश कोसले ने अनावेदिका श्रीमती मंजु कोसले के विरुद्ध धारा 13 (1) (क) हिन्दु विवाह अधिनियम 1955 आवेदन पत्र पेश किया हैं, जिसकी पेशी दिनांक 30.07.2026 को है।

अनावेदिका श्रीमती मंजु कोसले (भारद्वाज) उम्र 42 वर्ष पति चंद्रप्रकाश कोसले निवासी द्वारा पिता श्री यादराम (भारद्वाज) रामाभाठा पोस्ट सेदूराम तह. बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ छ.ग. को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 30.07.2026 को न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ती अपना जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आप के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 30.07.2026 को न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता हैं या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते हैं अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 30.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांकः– 30.06.2026
स्थान : बिलासपुर

(आलोक कुमार)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)

भूपेश बोले- सरकार ने गरीबों पर बुलडोजर चलाकर दिखाई अपनी ताकत

# नकटी में कांग्रेस ने प्रभावित परिवारों का सुना दर्द, बैज बोले– किसी का मकान तोड़कर विधायकों का घर नहीं बनना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने परिवारों से घर टूटने की घटना के समय मौके पर नहीं पहुंच पाने पर माफी मांगी। उन्होंने कहा, रात को करीब 10.30 बजे जानकारी मिली थी, जिसके बाद उन्होंने पप्पू बंजारे को मौके पर भेजा था। पूरे इलाके को भारी पुलिस बल ने घेर रखा था। कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में इस मुद्दे को उठाया गया था। उन्होंने प्रभावित परिवारों से कहा, उनके घर टूटने का दुख कांग्रेस पार्टी को भी है और वह इस मुश्किल घड़ी में उनके साथ खड़ी है। श्री बैज ने कहा, कांग्रेस प्रशासन की कार्रवाई का विरोध करती है। घर टूट गया तो क्या हुआ, घर दोबारा बनेगा, कांग्रेस आपके साथ हर लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विधायक और अधिकारियों के लिए आवास बनाने की तैयारी कर रही है, लेकिन इसके लिए गरीबों के घर उजाड़ना किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, किसी का घर तोड़कर विधायक का घर नहीं बनना चाहिए।*





### राजनीति करने नहीं आए हैं आप जिसे चाहें वोट दें : बैज

दीपक बैज ने कहा, यहां कांग्रेस राजनीति करने नहीं आई है, बल्कि प्रभावित लोगों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में लोगों के घर तोड़े जा रहे हैं, जबकि कांग्रेस सरकार के पांच साल के कार्यकाल में किसी का घर नहीं तोड़ा गया। उन्होंने कहा, 13 जुलाई से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में कांग्रेस नकटी गांव का मुद्दा प्रमुखता से उठाएगी। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर और राज्यपाल से भी मुलाकात करेगा। समाधान नहीं निकला, तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी। उन्होंने भाजपा विधायक अनुज शर्मा और सांसद बृजमोहन अग्रवाल पर निशाना साधते हुए कहा, वह चाहते तो यह कार्रवाई रुक सकती थी। बैज ने कहा, दोनों जनप्रतिनिधियों से जवाब मांगा जाना चाहिए कि प्रभावित परिवारों के घर क्यों नहीं बचाए गए।

### एआईसीसी सचिव तिवारी बोले- कांग्रेस विधायक जमीन न लें
### पीसीसी अध्यक्ष बैज ने कहा- यह उनका विवेकाधिकार

ग्राम नकटी में विधायकों के लिए कॉलोनी बनाने 10 एकड़ से अधिक जमीन पर अतिक्रमण हटाने जिला प्रशासन ने गरीबों का मकान तोड़ा। कांग्रेस ने जिला प्रशासन की कार्रवाई को विरोध किया है। जिस जमीन को विधायक कॉलोनी के लिए मुक्त किया गया है, उसे लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और एआईसीसी के सचिव राजेश तिवारी ने बयान दिया है कि गरीबों का आशियाना उजाड़ कर विधायक कॉलानी बनायाी जा रही है, वहां पर नकटी में कांग्रेस विधायकों को जमीन नहीं लेना चाहिए। वहीं पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज से मामले में संगठन का रुख जानने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने कहा, यह विधायकों पर निर्भर करता है। उन्होंने उनके विवेक पर मामला छोड़ दिया। उल्लेखनीय है कि विधायक कॉलोनी विकसित करने पिछले साल राज्य सरकार ने नकटी ग्राम में विधायक कॉलोनी के लिए लगभग 55 एकड़ शासकीय भूमि का चयन किया था।



# वर्षाकाल में वज्रपात का अलर्ट बचाव के साथ आपात स्थिति में चिकित्सकीय मदद लेने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वर्षाकाल में आकाशीय बिजली गिरने की बढ़ती घटनाओं से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट रहने पर जोर दिया है। आपात स्थिति होने पर बचाव और चिकित्सकीय मदद लेने की सलाह दी है। मौसम संबंधी जारी की जाने वाली चेतावनी को गंभीरता से लेने और संकट में फंसने के दौरान बचाव संबंधी उपाय का पालन करने पर जोर दिया है।

जून की शुरुआत के साथ मौसमी तंत्रिका के सक्रिय होने के बाद बादल गरजने और वज्रपात की घटनाएं लगातार बढ़ गई हैं। वज्रपात के कारण कई इलाकों में लोगों की मौत भी हो चुकी है। जुलाई में बारिश की गतिविधि बढ़ने के साथ आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में भी बढ़ोतरी होने की आशंका है। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने आम लोगों को सजग रहने पर जोर दिया है। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि आकाशीय बिजली एक प्राकृतिक आपदा है। थोड़ी-सी सावधानी अपनाकर जनहानि एवं गंभीर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। मौसम खराब होने, बादल गरजने या बिजली चमकने की स्थिति में नागरिकों को खुले मैदान, खेत, पहाड़ी, जलाशय, पेड़ के नीचे तथा ऊंचे स्थानों पर रुकने से बचना चाहिए। ऐसी स्थिति में तुरंत किसी पक्के भवन अथवा बंद चारपहिया वाहन की पनाह लेनी चाहिए। इसके साथ बिजली कड़कने के दौरान नदी, तालाब अथवा अन्य जल स्त्रोतों से दूरी बनाए रखने तथा धातु के कृषि उपकरण, लोहे की रॉड, तार अथवा अन्य धातु की वस्तुओं के साथ खुले स्थान पर नहीं रहना चाहिए। सबसे ज्यादा जोर बारिश के मौसम पर जारी होने वाली चेतावनी को गंभीरता से लेने पर दिया गया है। अफसरों के अनुसार भारी बारिश के दौरान खुले स्थान पर फंसने के दौरान जमीन पर पूरी तरह लेटने के बजाय दोनों पैरों को साथ रखकर नीचे झुक सिर नीचे रखें तथा अन्य लोगों से कुछ दूरी बनाए रखें। इससे आकाशीय बिजली गिरने की स्थिति में जोखिम कम किया जा सकता है। वज्रपात से झुलसे व्यक्ति से दूरी बनाने के बजाए उसे तत्काल सुरक्षित स्थान पर ले जाकर एंबुलेंस की मदद से चिकित्सकीय मदद दिलाई जाए।



# मिनीमाता कन्या विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव की धूम



**कसडोल।** विकासखंड मुख्यालय स्थित मिनीमाता कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसडोल में मंगलवार को शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं नगर पंचायत कसडोल के पार्षद अधिवक्ता पुनेश्वर नाथ मिश्रा एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप से पीएमश्री आत्मानन्द विद्यालय के एसएमडीसी अध्यक्ष एवं विकासखंड गौ सेवा आयोग के सदस्य गणेश शंकर साहू, विधायक प्रतिनिधि राजेश कन्नौजे तथा शाला विकास समिति के सदस्य तुमनाथ साहू, कमल श्रीवास मुख्यरूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नव प्रवेशी छात्राओं का तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर शाला में प्रवेश दिलाया गया। सभी को शासन की ओर से किताब व स्कूल ड्रेस भी का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष मिश्रा ने छात्राओं सहित सभी शिक्षकों से शिक्षा सत्र में अच्छे प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करने की अपील की तथा उपस्तिथ पालको से छात्राओं के उज्वल भविष्य एवं उनके सपनों को पूरा करने विद्यालय भेजने की अपील की। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंको में उत्तीर्ण छात्राओं का उत्साहवर्धन स्वरूप मेडल भी छात्राओं को अतिथियों द्वारा प्रदाय किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण स्टाफ सहित पालकगण छात्राएं सभी उपस्तिथ थीं।

# प्राथमिक शाला कानाकोटा में मना प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

प्राथमिक शाला कानाकोट में ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच, पंचगण एवं पालकों की उपस्थिति में नवप्रवेशी बच्चों के लिए शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा कर और छात्राओं को क्राउन पहनाकर मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेश कराया गया। सभी नवप्रवेशी बालवाड़ी एवं पहिली कक्षा के बच्चों के हथेली का निशान लेकर उनके शाला प्रवेश को यादगार बनाया गया।

तत्पश्चात बच्चों को शासन द्वारा प्राप्त पाठ्यपुस्तक और शाला परिवार द्वारा गिनती, वर्णमाला अल्फाबेट चार्ट, स्लेट का वितरण किया गया। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक अंगद राम ध्रुव द्वारा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया तथा सरपंच चांदनी बांधे द्वारा बच्चों की स्वर्णिम विकास के लिए पंचायत की ओर से शाला का हर संभव मदद करने की बात कही। तथा पालकों को बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए अनुरोध किया।

समारोह में सरपंच चांदनी बांधे, संकुल समन्वयक दिलीप सिंह पैकरा, शाला की निवृत्तमान अध्यक्ष उमा पैकरा, शिक्षाविद अंगद राम ध्रुव, शाला प्रमुख भूमिता कुर्रे, शाला परिवार से सुनीता साहू, अर्पिता बांधे, पंच तीरिथ राम ध्रुव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता धनेश्वरी बांधे, पार्वती ध्रुव, श्याम कुंवर, चैनदास, ऊषा ध्रुव, शशि पैकरा, सत्यवान सेन, ममता पैकरा, मीना यादव एवं बड़ी संख्या में पालक एवं बच्चों की माताएं एवं शाला की पूर्व छात्राएं चांद, हसीना, संतोषी, सीमा उपस्थित रही। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन शिक्षक कान्हा साहू द्वारा किया किया गया।

### बच्चों का तिलक लगाकर कराया शाला प्रवेश

पलारी। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला अछोली संकुल केंद्र कोसमंदी में शाला प्रवेश मनाया गया। संस्था प्रमुख गंगा राम देवांगन एवं ईश्वरी प्रसाद वर्मा ने विद्यालय का परिचय कराया गया। नवप्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराते हुए निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें प्रदान की गई तथा उनका विद्यालय में प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश कुमार जलहरे सरपंच प्रतिनिधि ने नवप्रवेशित बच्चों को जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता कर रहे चंद्रकुमार जलहरे पूर्व अध्यक्ष ने बच्चों को नियमित एवं अनुशासित होकर विद्यालय आने की प्रेरणा दी। मेघनाथ यादव ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए नवीन उत्साह के साथ विद्यालय आने तथा पालकों से बच्चों के शैक्षणिक विकास में सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा पालक, शिक्षक एवं बच्चों के बीच निरंतर संवाद आवश्यक है।संकुल समन्वयक छन्नू लाल वर्मा ने शासन द्वारा विद्यार्थियों को मिलने वाली विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बच्चों को नियमित विद्यालय आने तथा पालकों से घर पर बच्चों के अध्ययन में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर राजेश कुमार जलहरे, चंद्रकुमार जलहरे, दिनेश कुमार साहू, मेघनाथ यादव, प्रधान पाठक ललिता टण्डन, हेम कुमार जलहरे, नरेंद्र जोशी, गंगा राम देवांगन, ईश्वरी प्रसाद वर्मा, ललिता टंडन, छन्नू लाल वर्मा, सीमा साहू, हिमांशु वर्मा, शेष नारायण ध्रुव, भागीरथी ध्रुव, हीरामन दास कोसले, मोहन लाल ध्रुव, मोतीलाल यादव, सिया ध्रुव, ललिता साहू, हेम कुमारी साहू सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण, शिक्षकगण, पालक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### आदर्श प्राथमिक व मिडिल स्कूल में छात्रों का स्वागत

**सिमगा।** आदर्श प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के संयुक्त तत्वावधान में नव प्रवेशी छात्रों का मुंह मीठा करा कर जनप्रतिनिधियों द्वारा शाला प्रवेशोत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में वार्ड 3 के पार्षद सचिन जैन, वार्ड 13 के पार्षद विष्णु जायसवाल एवं पूर्व एल्डरमेन दीनबंधु शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों के द्वारा नव प्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर पुस्तक प्रदान किया गया। विद्यालय के खेल मैदान में पार्षद निधि से पेवर ब्लॉक लगाया गया है। इस दौरान बच्चों को भोज कराया गया, जिसमें चावल-दाल, छोले की सब्जी, पूरी-खीर परोसी गई। संस्था प्रमुखों द्वारा पालकों से अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने की बात कही गई। पूर्व एल्डरमेन दीनबंधु शर्मा ने विद्यालय के शिक्षकों से जनप्रतिनिधियों से अधिक से अधिक सहयोग लेने को कहा। कार्यक्रम का संचालक टीका सोनकर ने किया।



### प्राथमिक शाला खैरा क में प्रवेश उत्सव मना

**सेल।** शासकीय प्राथमिक शाला खैरा (क) में प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रधानपाठक जगन्नाथ प्रसाद देवांगन ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इसी तरह रामभरोस साहू अध्यक्ष शाला प्रबंध समिति, कृष्ण कुमार साहू पूर्व अध्यक्ष साहू समाज, छतराम बंजारे, कमलनारायण साहू द्वारा भी उद्बोधन दिया गया। इसके बाद देवांगन द्वारा नव प्रवेशीय बच्चों के लिए स्वयं के खर्च से पेंसिल कटर ड्रेस की व्यवस्था की गई, जिसे अतिथियों के कर कमलों से सभी बच्चों का गुलाल लगाकर वितरण किया गया। साथ ही खीर पूरी खिलाकर बच्चों का मुंह मीठा कराया गया।



# हरिभूमि टीम ने किया डाक्टरों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर हरिभूमि परिवार ने जिले के प्रमुख निजी अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकों का सम्मान किया। इस अवसर पर समाज के प्रति उनके समर्पण, उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं एवं मानवीय योगदान की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

सम्मानित होने वाले चिकित्सकों में डॉ. नितिन तिवारी, डॉ. ऋतिक रायजादा, डॉ. आकाश, डॉ. लालवानी एवं डॉ. मुकेश जैन शामिल रहे। इस दौरान चिकित्सकों ने कहा कि मरीजों की सेवा ही उनके जीवन का सबसे बड़ा दायित्व है और भविष्य में भी वे पूरी निष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ अपनी सेवाएं देते रहेंगे। हरिभूमि परिवार ने सभी चिकित्सकों को डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की।







**खबर संक्षेप**

## समिति भटगांव में सहकारिता सप्ताह पर ध्वजारोहण



भटगांव। प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति भटगांव में सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ समिति अध्यक्ष रामलाल साहू द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। कार्यक्रम में अतिथि स्वागत के बाद समिति के व्यवस्थापक द्वारा समिति के प्रगति व विकास के बारे में किसानों को बताया गया। साथ ही साथ किसानों को खाद उर्वरक व कृषि संबंधी सभी जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में भाजपा के मंडल अध्यक्ष धीरज सिंह दीक्षित, पूर्व रेंडरमैन तुलसीराम, आदित्य, रामनाथ साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता व किसान बंधु शामिल रहे।

## सरसेनी गुमा में सहकारिता सप्ताह मना



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा**। अंचल के ग्रामीण सेवा सहकारी समिति सरसेनी गुमा में सहकारिता सप्ताह मनाया गया। सहकारी समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष वरिष्ठ किसान अनूप साहू गुमा द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी एवं प्रदेश में सहकारिता के संस्थापक वामन बली राव लाखे के चित्रों पर श्रद्धासुमन पश्चात ध्वज फहराया। इस अवसर पर सहकारी समिति के कर्मचारी परस साहू और किसान उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी में मनाया गया सुपोषण चौपाल



**सिमगा**। नगरपालिका के वार्ड 8 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सुपोषण चौपाल मनाया गया। इसमें कुपोषित बच्चों के लिए पौष्टिक लड्डू खिलाने का शुभारंभ मुख्य अतिथि छोटे लाल यदु, सहकारी समिति अध्यक्ष सिमगा द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर और लड्डू खिलाकर किया गया। इस मौके पर श्री यदु ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णु सरकार द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र में गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों के लिए रेडी टू ईट की माध्यम से पौष्टिक आहार दिया जा रहा है, ताकि कोई बच्चा कुपोषित ना हो, हमारी सरकार छत्तीसगढ़ की आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए वजन मशीन भी दिए हैं, ताकि बच्चों को वजन के हिसाब से पौष्टिक आहार दिया जा सके। साथ ही शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खिलौने की व्यवस्था करती है। सरकार द्वारा समय-समय में हर घर में सर्वे भी कराती हैं, ताकि को भी बच्चा कुपोषित ना हो स्वस्थ रहें। वार्ड क्रमांक 8 आंगनवाड़ी केंद्र मे बच्चों को आगामी 6 महीने तक पौष्टिक लड्डू खिलाया जाएगा। उक्त अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नुसरत परवीन, सहायिका उमा देवांगन, प्रीति प्रजापति, मंजू साहू, माहेश्वरी देवांगन, निशा देवांगन, खेदिया राधिका, मनीषा सहित बच्चों के माता-पिता उपस्थित रहे।

## मारुति पब्लिक स्कूल में मना शाला प्रवेश उत्सव



**करहीबाजार**। मारुति पब्लिक स्कूल करही बाजार में शालाप्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और पुस्तक का वितरण किया गया। उक्त प्रवेश उत्सव में पालक समिति के अध्यक्ष रोहित देवांगन, प्रधान पाठक उदेराम, पालक बसंत पटेल, गायन ध्रुव, एवं स्कूल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाए शामिल हुए।

# नि:शक्तजनों को मिले सहायक उपकरण, जिला प्रशासन ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





जिले में दिव्यांगजनों को सुविधा और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायक उपकरणों का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को तीन दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए। बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम खम्हरिया निवासी 31 वर्षीय युवक रवींद्र कुमार घृतलहरे को श्रवण यंत्र, कसडोल विकासखण्ड के ग्राम खर्वे निवासी कुमारी लक्ष्मी नवरंगे को व्हीलचेयर तथा पलारी विकासखण्ड के ग्राम ओडान निवासी 27 वर्षीय युवक उत्तम कुमार साहू को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। सहायक उपकरण मिलने से दिव्यांगजनों और उनके परिवारों में खुशी का माहौल है। उत्तम कुमार साहू की माता खेमिन साहू ने बताया कि उनका बेटा बचपन से ही सुनने और बोलने में परेशानी का सामना कर रहा था, जिससे दैनिक जीवन में काफी कठिनाइयां आती थीं। उन्होंने कहा कि श्रवण यंत्र मिलने से अब उनके बेटे को काफी राहत मिलेगी और उसकी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जरूरतमंदों को मिल रही इस मदद से परिवारों को बड़ी सहायता मिल रही है। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि दिव्यांगजनों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ अपने दैनिक कार्य कर सकें।

### कहा- समय-समय पर परिसरों का फायर सेफ्टी ऑडिट जरूरी

# दुर्घटना रोकने अग्निशमन विभाग ने चलाया निरीक्षण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



जिले में अग्नि सुरक्षा को लेकर प्रशासन और अग्निशमन विभाग द्वारा भवनों एवं परिसरों में अग्नि रोकथाम एवं अग्नि सुरक्षा उपायों के लिए निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत घनी आबादी में संचालित कोचिंग सेंटरों, एवं स्कूलों, भवनों, परिसरों, होटलों, लॉज एवं हॉस्पिटल में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता, अग्निशमन यंत्रों की वैधता, आपातकालीन निकास मार्ग, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था एवं अग्नि दुर्घटना से बचाव के मानकों का परीक्षण किया जा रहा है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी संस्थानों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा। निरीक्षण के दौरान जहां आवश्यक सुधार पाए जाएंगे, वहां संबंधित संस्थानों को निर्धारित समयावधि में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएंगे। सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जा सकती है। अधिकारियों ने बताया कि फायर ऑडिट का मुख्य उद्देश्य संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम करना तथा जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। हाल के दिनों में विभिन्न राज्यों में हुई अग्नि दुर्घटनाओं को देखते हुए अग्नि सुरक्षा मानकों के पालन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रशासन ने सभी शासकीय एवं निजी संस्थानों से अपील की है कि वे अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करें तथा समय-समय पर अपने परिसरों का फायर सेफ्टी ऑडिट कराते रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। निरीक्षण के दौरान पुष्पराज सिंह जिला अग्निशमन अधिकारी, एएसआई रमन सिन्हा, फायरमैन विश्वनाथ जायसवाल व अन्य उपस्थित थे।

# सिंगारपुर में बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



ग्राम सिंगारपुर स्थित प्राथमिक शाला प्रांगण में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं युवाओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना, उन्हें कंप्यूटर का आधारभूत ज्ञान उपलब्ध कराना प्रतियोगी परीक्षाओं एवं रोजगार के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन, विद्यार्थी, अभिभावक, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा संचालित इस निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा आज के दौर में डिजिटल शिक्षा समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। प्रत्येक युवा को कंप्यूटर का ज्ञान होना चाहिए, ताकि वह आधुनिक तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ सके। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा प्रारंभ किया गया यह निःशुल्क बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम निश्चित रूप से युवाओं के भविष्य को नई दिशा देगा। शिक्षा और कौशल विकास में किया गया प्रत्येक प्रयास समाज को सशक्त, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होता है। मुझे विश्वास है कि इस प्रशिक्षण से लाभान्वित होने वाले युवा आने वाले समय में अपने क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर सरपंच कनक मनहरे, जनपद सदस्य सुंदर लाल साहू, प्रगतिशील सतनामी समाज के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष माखन महिलांगे, अशोक बांधे, सुनील यदु, फलित कुर्रे, पूनम बंजारे जितेंद्र मनहरे, दीपक धृतलहरे श्याम जांगड़े हर्षवर्धन यदु, रवि खूंटे, संजय कुर्रे, इतवारी जांगड़े व प्रगतिशील सतनामी समाज ग्राम इकाई के सदस्य एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

# बरदा की स्वच्छता चौपाल में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंडा

जिला पंचायत के सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम पंचायत बरदा में स्वच्छता चौपाल का आयोजित की गई। इसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 पर विशेष चर्चा, ग्रामीणों एवं स्वच्छग्राही दीदियों से की गई। इसमें चार प्रकार के कचरे को घर स्तर पर ही अलग-अलग कर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट तक पहुंचाना बताया। रिसाइकल या कबाड़ी वाले को बेचना, किसी भी प्रकार के पॉलिथीन को जलाने पर मना करना, लोगों को समझाइश देना, गांव में कम से कम कचरे का ढेर हो इस बात को सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छता चौपाल का आयोजन किया गया। घर-घर कचरा संग्रहण एवं यूजर चार्ज लिए जाने पर भी चर्चा की गई। ठोस कचरे का प्रबंधन क्यों जरूरी है हमारे जीवन में यह क्या महत्व रखता है, ठोस कचरे का प्रबंध करने से जीवन स्तर में क्या सुधार लाया जा सकता है, इन सारी बातों पर विस्तृत रूप से स्वच्छता चौपाल में चर्चा की गई, ताकि गांव में कचरे का ढेर न हो गांव स्वच्छ और सुंदर हो। स्वच्छता चौपाल में जनपद पंचायत बलौदाबाजार से पहुंचे स्वच्छ भारत मिशन के विकासखंड समन्वयक अश्वनी कुमार थवाईत ने विशेष चर्चा की। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि दुकालू बंजारे, समूह की अध्यक्ष गीता पैकरा, सचिव जानकी वर्मा सहित समूह की महिलाएं प्रमुख रूप से उपस्थित थीं।

# सेवा सेतु से आसान हुआ सरकारी सेवाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



- हितग्राही को समय पर मिला निवास प्रमाण पत्र

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर नागरिकों को शासकीय सेवाएं सरल, सुगम एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित सेवा सेतु केंद्र का लाभ लगातार हितग्राहियों को मिल रहा है। सेवा सेतु के माध्यम से नागरिकों को घर के नजदीक एवं समय पर विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। विकासखंड के विश्रामपुर निवासी वंदना केसवर को सेवा सेतु केंद्र तहसील कार्यालय सिमगा के माध्यम से उनके बच्चे का निवास प्रमाण पत्र त्वरित रूप से प्राप्त हुआ। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समय-सीमा में किए गए निराकरण से हितग्राही को बिना अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर लगाए प्रमाण पत्र उपलब्ध हो सका। हितग्राही वंदना केसवर ने बताया कि सेवा सेतु केंद्र की सहायता से उन्हें प्रमाण पत्र आसानी से और कम समय में प्राप्त हुआ। अब शासकीय सेवाओं के लिए बार-बार कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं पड़ी, जिससे समय एवं यात्रा व्यय की बचत हुई। सेवा सेतु के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया गया है। इससे नागरिकों का प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत हो रहा है और उन्हें विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है। वर्तमान में सेवा सेतु के माध्यम से 442 सेवाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचाया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा नागरिक सुविधा एवं सुशासन की दिशा में सेवा सेतु के माध्यम से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# पुलिस ने आत्मानंद स्कूल के छात्रों को दी नए कानून की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव



- साइबर फ्राड से सावधान और बढ़ते नशे के दुष्परिणाम गिनाए

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर भटगांव पुलिस ने जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में 30 जून को स्वामी आत्मानंद स्कूल भटगांव में नवीन आपराधिक कानूनों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना प्रभारी शिव कुमार धारी द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों को नए कानूनों की जानकारी देकर कानून के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

थाना प्रभारी शिव कुमार धारी ने कहा कि देश की नई न्याय व्यवस्था केवल अपराधियों को दंडित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक को त्वरित, पारदर्शी और सुलभ न्याय दिलाने के उद्देश्य से बनाई गई है। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने से आम नागरिकों के अधिकार और अधिक मजबूत हुए हैं।

थाना प्रभारी शिव कुमार धारी ने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर नए कानूनों के संबंध में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराधों से बचाव पर भी विशेष जोर दिया गया। उन्होंने ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड, ओटीपी ठगी, फर्जी लॉटरी, सोशल मीडिया धोखाधड़ी जैसे मामलों से बचने के उपाय बताए और विद्यार्थियों से डिजिटल दुनिया में सतर्क रहने की अपील की, महिलाओं की सुरक्षा के लिए संचालित अभिव्यक्ति ऐप, एसओएस फीचर, महिला हेल्पलाइन 1091 और आपातकालीन सेवा 112 की जानकारी दी। सखी सेंटर और महिला परामर्श केंद्रों के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को चिकित्सा, कानूनी सहायता, काउंसिलिंग और अस्थायी आश्रय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। कार्यक्रम के अंत में थाना प्रभारी शिव कुमार धारी ने युवाओं से नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने, स्वस्थ रहने एवं यातायात नियम का पालन करने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने का अपील किया। उपस्थित सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी शिव कुमार धारी, सउनि बलीराम निराला, प्र आर एकराम सिदार, आर. राहुल खूंटे, प्रत्येन बर्मन, आर रीना बघेल तथा मोहन कुमारी सिदार, आत्मानंद स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

### लोक संस्कृति, रामायण परंपरा और आध्यात्मिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना उद्देश्य

# छत्तीसगढ़ी लोक रामायण पर आधारित बनवासी राम एल्बम की शूटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



ग्राम धवंई (बोरसी) में छत्तीसगढ़ की लोक रामायण परंपरा को सहेजने और जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बनवासी राम श्रृंखला के अंतर्गत गीत-एल्बम की शूटिंग हुई। शूटिंग के दौरान श्रीराम चरित्र मानस पर आधारित चित्रकूट महिमा प्रसंग एवं सीता श्रृंगार का फिल्मांकन किया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी गीत राम जी करन लागे सीता के शृंगार, फूल तोड़े बढ़िया बनाए भैया हार का आकर्षक फिल्मांकन किया गया। इसके साथ ही चले भोला के बरतिया, अलबेला भोला तथा हिंदी भाषा के भक्ति गीत सदा शिव और छोटी सी पार्वती सहित कुल पांच गीतों की शूटिंग भी पूर्ण हुई।

इन गीतों के रचनाकार एवं स्वरदाता अंचल के सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय पार्श्व गायक, साहित्यकार डॉ. ललित सिंह ठाकुर (ग्राम कड़ार, भाटापारा) हैं। उन्होंने बताया कि इस संपूर्ण परियोजना का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, रामायण परंपरा और आध्यात्मिक विरासत को नई पीढ़ी तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। एल्बम में ग्राम बोरसी धवई की रामलीला मंडली के कलाकारों ने जीवंत अभिनय किया। प्रमुख कलाकारों में भागबली धुरू, तेज कुमारी, मनेष पाल, सेवाराम निषाद, डॉ. राम सिंह साहू, हीरालाल सेन, शिवकुमार वर्मा, संजय शर्मा, मुकेश वर्मा, भागी निषाद, रवि मानिकपुरी, खिलेश्वर साहू, गजेंद्र वर्मा, भरत पैकरा, पाटेश्वर निषाद, रेशमलाल यदु, राकेश निषाद, अजय यदु, रामेश्वर यदु, रामलाल ध्रुव, नोहर सिंह ध्रुव, मायाराम साहू, सुखराम साहू, कार्तिक निषाद, नागेश वर्मा, चांदनी सेन, यामिनी निषाद, प्रिया पाल, वर्षा साहू, पूर्णिमा साहू, टिकेश सेन, राजा निषाद, हृदयलाल साहू एवं पुरोहित देवदास ने अपनी प्रभावशाली भूमिका निभाई।

